संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार अवन्तिका --पृष्ठ 04 ...दिनांक 23/02/2021

# दुकानदार ने बाहर कचरा फैंका तो दुकान होगी बंद

- रतलाम को स्वच्छता में शीर्ष पर लाने की तैयारी
- कलेक्टर श्री डाड ने बैठक में दिए निर्देश
- नागरिक स्वच्छता के लिए सहयोग करें
- डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण की समीक्षा
- सिटीजन फीड बैक से होगी लक्ष्य की प्राप्ति



दैनिक अवंतिका ● रतलाम

स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में रतलाम शहर को अव्वल स्थान दिलाने के लिए तैयारियां जोर-शोर से जारी है। इसे लेकर एक बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश निर्देश दिए। बैठक में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, परियोजना अधिकारी शहरी विकास निशिकांत शुक्ला, सिटी इंजीनियर जी.के. जायसवाल, सुरेशचंद्र व्यास, उपायुक्त विकास सोलंकी, उपयंत्री अनवर कुरेशी, राजेश कुमावत, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह तथा निगम के अन्य अधिकारी इंजीनियर उपस्थित थे।

बैठक में बताया गया कि स्वच्छ सर्वेक्षण में रतलाम को अग्रणी स्थान मिले, इसका निर्णय सिटीजन फीडबैक करेगा। इसलिए नागरिकों से अपील की गई है कि रतलाम शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में हरसंभव सहयोग करें। कलेक्टर ने सफाई कार्य की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जो भी दुकानदार अपना कचरा बाहर फेंकते हैं वे दुकाने दंड के रूप में बंद की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि रतलाम को अग्रणी स्थान लगाने के लिए जी-जान से कार्य करें।

कलेक्टर द्वारा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण करने वाले वाहनों की समीक्षा की गई। बताया गया कि अभी लगभग 51 वाहन कचरा संग्रहण का कार्य डोर-टू-डोर जाकर कर रहे हैं। पाया गया है कि प्रत्येक मोहल्ले में वाहन नहीं जा पा रहे हैं लगभग 10 प्रतिशत कचरा बाहर फेंका जा रहा है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि वाहनों की संख्या कम होने पर वाहनों के वार्डवार फेरे बढ़ाये जाएं।

कचरा संग्रहण करके ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाने की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जो भी वाहन ड्राइवर अपने कार्य में कोताही बरतता है उसको सेवा से हटा दिया जाए।

इसके साथ ही वाहनों की लागबुक चेक की जाए, इससे पता चलेगा कि वाहन कब-कब, किस समय ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचा अथवा नहीं। इसके साथ ही जीपीएस भी सभी वाहनों पर लगा दिए गए हैं, अतः जीपीएस से भी मानिटरिंग की जाए। इसके लिए वार्डों के क्लस्टर बनाकर कंप्यूटर ऑपरेटर नियुक्त किए जाएं जो जीपीएस के माध्यम से मॉनिटरिंग करेंगे। बताया गया कि यदि वाहन डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण ठीक से नहीं करते हैं तो शहर को अच्छी रैंक प्राप्त नहीं हो सकेगी। दुकानदारों द्वारा दुकान का कचरा डस्टबिन में संग्रहित करना सुनिश्चित किया जाए। डस्टबिन से निगम के वाहन में कचरा डाला जाएगा, ऐसा नहीं करने वाले दुकानदारों की दुकान बंद की जाएगी। अवन्तिका

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नईदुनिया–पृष्ठ 09 दिनांक 23/02/2021

टीएल बैठक

**कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने कहा– शत-प्रतिशत पात्र व्यक्तियों को मिले पात्रता पर्ची**

# निर्देश नहीं माने तो कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी को दंडित करें

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में शत-प्रतिशत पात्र व्यक्तियों को खाद्यान्न मुहैया कराने के लिए पात्रता पर्चियां उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। यदि अधिनस्थ कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आदेश का पालन नहीं करते हैं तो उन्हें दंडित किया जाए। यह निर्देश कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने सोमवार को समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी सिद्दीक हुसैन चौधरी को दिए।

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों की समीक्षा में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिला अस्पताल के सिविल सर्जन भी समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में अनिवार्य रूप से प्रति सप्ताह उपस्थित रहें क्योंकि जिला अस्पताल की शिकायतों में वृद्धि हो रही है। समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन को लेकर कलेक्टर ने जिला आपूर्ति अधिकारी उपसंचालक कृषि, जिला मार्केटिंग अधिकारी तथा डीआरसीएस को निर्देशित किया कि वे गत वर्ष गेहूं की आवक, इस वर्ष गेहूं की आवक, मंडियों के भाव के तुलनात्मक पत्र तैयार कर आवश्यक जानकारी मुहैया कराएं ताकि उपार्जन की व्यवस्थित तैयारी की जा सके।



कलेक्टोरेट में टीएल बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर गोपालचंद्र डाड। • नईदुनिया

बैठक में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की समीक्षा में बताया गया कि कि शहर में जहां-तहां कुत्तों के विचरण को लेकर नगर निगम की शिकायतों में कमी आई है, पूर्व में 29 शिकायतें थी जो अब 16 रह गई हैं। सीमांकन की शिकायतें 26 से बढ़कर 29 हो गई है। जावरा नया अधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में ठीक से कार्य नहीं करने पर कलेक्टर ने असंतोष व्यक्त कर 27 फरवरी तक समस्त लंबित शिकायतों के निराकरण करने के लिए निर्देशित किया।

### अर्द्धशासकीय पत्र लिखना सिखाया

कलेक्टर द्वारा बैठक में अधिकारियों को अर्द्धशासकीय पत्र सही ढंग से लिखने के लिए निर्देशित किया गया। महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी द्वारा लिखे गए अर्द्ध शासकीय पत्र पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर द्वारा उन्हें हाशिया छोड़ने, कहां से पैरा स्टार्ट किया जाता है, कितना पेरा छोड़ना है, आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सिखाया गया।

नईदुनिया

# नौ जगह दूरसंचार टावर लगाने की अनुमति

रतलाम। जिले में विभिन्न कंपनियों द्वारा दूरसंचार टावर स्थापना के लिए अनुमति आवेदन दिए गए हैं। इनकी समीक्षा कलेक्टर गोपालचंद्र डाड द्वारा की गई। बताया गया कि रतलाम मुख्यालय पर नौ टावर स्थापना अनुमतियां जारी की जा चुकी हैं। इनमें एक शासकीय तथा आठ निजी स्थल हैं।

ई गवर्नेंस मैनेजर नरेंद्रसिंह चौहान ने बताया कि रतलाम शहर में सात तथा जावरा में तीन टावर स्थापना अनुमतियां लंबित हैं। कलेक्टर द्वारा निगम आयुक्त तथा जावरा नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जो भी अनुमतियां दी जानी है वह तत्काल जारी की जाए। यदि आपत्ति है तो आपत्ति प्रेषित की जाए।

**डिजिटल इंडिया के लिए प्रशिक्षण दें**

डिजिटल इंडिया के तहत ई ऑफिस को लेकर कलेक्टर ने एनआइसी अधिकारी चौहान को निर्देशित किया गया है कि वह अधिकारियों, कर्मचारियों के लिए एक बार पुनः प्रशिक्षण आयोजित करें ताकि अधिकारी, कर्मचारी अपनी कमियों को दुरुस्त कर सकें। उल्लेखनीय है कि डिजिटल इंडिया के तहत ई आफिस प्रणाली में लगभग सभी कार्य डिजिटल होंगे। इसमें ई-फाइलिंग, ई-लिव, ई-टूर, लेटर स्टोरेज आदि माड्यूल रहेंगे।

## डिजिटल इंडिया के तहत अधिकारियों, कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण आयोजित करने के कलेक्टर द्वारा निर्देश

रतलाम। डिजिटल इंडिया के तहत ई ऑफिस अवधारणा के सुचारु संचालन हेतु कलेक्टर गोपालचंद्र डाड द्वारा एनआईसी अधिकारी नरेंद्रसिंह चौहान को निर्देशित किया गया है कि वह अधिकारियों, कर्मचारियों के लिए एक बार पुनः प्रशिक्षण आयोजित करें ताकि अधिकारी, कर्मचारी अपनी कमियों को दुरुस्त कर सकें। उल्लेखनीय है कि डिजिटल इंडिया के तहत ई ऑफिस प्रणाली में लगभग सभी कार्य डिजिटल रूप से होंगे। इसमें ई फाइलिंग, ई लिव, ई टूर, लेटर स्टोरेज इत्यादि माड्यूल रहेंगे।

## दूरसंचार टॉवर स्थापना अनुमति दिए जाने की समीक्षा कलेक्टर द्वारा की गई

रतलाम। जिले में विभिन्न कंपनियों द्वारा दूरसंचार टावर स्थापना के लिए अनुमति आवेदन दिए गए हैं। इनकी समीक्षा एक बैठक में कलेक्टर गोपालचंद्र डाड द्वारा की गई। बताया गया कि रतलाम मुख्यालय पर 9 टावर स्थापना अनुमतियां जारी की जा चुकी है इनमें एक शासकीय स्थल तथा 8 प्राइवेट स्थल है।

ई गवर्नेंस मैनेजर नरेंद्रसिंह चौहान ने बताया कि रतलाम शहर में सात तथा जावरा में तीन टावर स्थापना अनुमतियां लंबित है। कलेक्टर द्वारा निगम आयुक्त तथा जावरा नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जो भी अनुमतियां दी जानी है वह तत्काल जारी की जाए। यदि आपत्ति है तो आपत्ति प्रेषित की जाए।

## पात्र व्यक्तियों को पात्रता पर्ची उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी नहीं सुने तो उसे दंडित करें

रतलाम। रतलाम जिले में शत-प्रतिशत पात्र व्यक्तियों को खाद्यान्न मुहैया कराने के लिए पात्रता पर्चियां उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। यदि अधिनस्थ कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आदेश का पालन नहीं करते हैं तो उन्हें दंडित किया जाए। यह निर्देश कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी सिद्दीक हुसैन चौधरी को दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, एसडीएम एम.एल. आर्य, डिप्टी कलेक्टर सुश्री कृतिका भीमावद, सुश्री मनीषा वास्कले, परियोजना अधिकारी डूडा श्री निशिकांत शुक्ला, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी दीपक गुप्ता, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन एच.के. मालवीय आदि जिला अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों के निराकरण की समीक्षा में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन भी समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में अनिवार्य रूप से प्रति सप्ताह उपस्थित रहे क्योंकि जिला चिकित्सालय की शिकायतों में वृद्धि हो रही है। आगामी समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के दृष्टिगत कलेक्टर ने जिला आपूर्ति अधिकारी उपसंचालक कृषि, जिला मार्केटिंग अधिकारी तथा डीआरसीएस को निर्देशित किया कि वे गत वर्ष गेहूं की आवक, इस वर्ष गेहूं की आवक, मंडियों के भाव के तुलनात्मक पत्र तैयार कर आवश्यक जानकारी मुहैया कराएं ताकि उपार्जन की व्यवस्थित ढंग से तैयारी की जा सके।

कलेक्टर द्वारा बैठक में अधिकारियों को अर्द्धशासकीय पत्र सही ढंग से लिखने के लिए निर्देशित किया गया। इस संबंध में महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी द्वारा लिखे गए अर्द्ध शासकीय पत्र पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर द्वारा उन्हें सिखाया गया कि अर्द्ध शासकीय पत्र किस प्रकार लिखा जाए। कलेक्टर द्वारा इस संबंध में हासिया छोड़ने, कहां से पैरा स्टार्ट किया जाता है, कितना पेरा छोड़ना है, आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सिखाया गया। बैठक में कलेक्टर द्वारा वनाधिकार पट्टों के वितरण अन्न महोत्सव, यूरिया की स्थिति आदि बिंदुओं पर भी समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए।

## टॉवर अनुमति को लेकर समीक्षा की

रतलाम. जिले में विभिन्न कंपनियों द्वारा दूरसंचार टावर स्थापना के लिए अनुमति आवेदन दिए गए हैं। इनकी समीक्षा कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने की। उन्होंने बताया कि रतलाम मुख्यालय पर 9 टावर स्थापना अनुमतियां जारी की जा चुकी है, इनमें एक शासकीय स्थल तथा 8 निजी स्थल है। ई गवर्नेंस मैनेजर नरेंद्रसिंह चौहान ने बताया कि शहर में सात तथा जावरा में तीन टावर स्थापना अनुमतियां लंबित हैं। कलेक्टर ने निगम आयुक्त तथा जावरा नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया कि जो भी अनुमतियां दी जानी है, वह तत्काल जारी की जाए। यदि आपत्ति है तो आपत्ति प्रेषित की जाए।

# हेल्पलाइन में ठीक कार्य नहीं करने पर कलेक्टर नाराज, सख्त हिदायत

रतलाम। रतलाम जिले में शत-प्रतिशत पात्र व्यक्तियों को खाद्यान्न मुहैया कराने के लिए पात्रता पर्चियां उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। यदि अधिनस्थ कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आदेश का पालन नहीं करते हैं तो उन्हें दंडित किया

## ▸ कलेक्टर ने समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

जाए। यह निर्देश कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी सिद्दीक हुसैन चौधरी को दिए। बैठक में अपर कलेक्टर जमुना भिड़े, एसडीएम एम.एल. आर्य, डिप्टी कलेक्टर कृतिका भीमावद, मनीषा वास्कले, परियोजना अधिकारी डूडा निशिकांत शुक्ला, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी दीपक गुप्ता, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन एच.के. मालवीय आदि जिला अधिकारी उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों के निराकरण की समीक्षा में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन भी समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में अनिवार्य रूप से प्रति सप्ताह उपस्थित रहे क्योंकि जिला चिकित्सालय की शिकायतों में वृद्धि हो रही है। आगामी समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के दृष्टिगत कलेक्टर ने जिला आपूर्ति अधिकारी उपसंचालक कृषि, जिला मार्केटिंग अधिकारी तथा डीआरसीएस को निर्देशित किया कि वे गत वर्ष गेहूं की आवक, इस वर्ष गेहूं की आवक, मंडियों के भाव के तुलनात्मक पत्र तैयार कर आवश्यक जानकारी मुहैया कराएं ताकि उपार्जन की व्यवस्थित ढंग से तैयारी की जा सके।

बैठक में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की समीक्षा में बताएगा कि नगर निगम की आवारा कुत्तों की शिकायतों में कमी आई है, पूर्व में 29 शिकायतें थी जो अब घटकर 16 रह गई हैं। सीमांकन के लिए शिकायतों में वृद्धि हुई है 26 से बढ़कर 29 हो गई है। सभी तहसीलदारों को समयावधि में कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया। कलेक्टर द्वारा सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया गया. कि संतुष्टिदायक निराकरण करें। जावरा नगर पालिका अधिकारी के द्वारा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में ठीक से कार्य नहीं करने पर कलेक्टर द्वारा असंतोष व्यक्त किया गया और उनको समय सीमा में कार्य करने की हिदायत दी गई। उन्हें आगामी 27 फरवरी तक समस्त लंबित शिकायतों के निराकरण करने के लिए निर्देशित किया गया।

कलेक्टर द्वारा बैठक में अधिकारियों को अर्द्धशासकीय पत्र सही ढंग से लिखने के लिए निर्देशित किया गया। इस संबंध में महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी द्वारा लिखे गए अर्द्ध शासकीय पत्र पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर द्वारा उन्हें सिखाया गया कि अर्द्ध शासकीय पत्र किस प्रकार लिखा जाए। कलेक्टर द्वारा इस संबंध में हाशिया छोड़ने, कहां से पैरा स्टार्ट किया जाता है, कितना पेरा छोड़ना है, आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सिखाया गया। बैठक में कलेक्टर द्वारा वनाधिकार पट्टों के वितरण अन्न महोत्सव, यूरिया की स्थिति आदि बिंदुओं पर भी समीक्षा करते हुए संबंधित

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नईदुनिया–पृष्ठ ...11...दिनांक...23/02/...2021

# 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन उपयोग प्रतिबंधित

रतलाम। शासन निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्र रतलाम में 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन व प्लास्टिक उपयोग प्रतिबंधित किया गया है।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगरीय क्षेत्र रतलाम में सब्जी, फल-फ्रूट व अन्य सामग्री के फुटकर व्यवसायी अगर 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन का उपयोग करते हैं तो उन पर 50 रूपये का अर्थदण्ड किया जाकर पॉलीथीन जब्ती की कार्यवाही की जायेगी। इसी तरह दुकानदारो द्वारा 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन का उपयोग व भण्डारण करता है तो उस पर 5000/- रूपये का अर्थदण्ड किया जाकर पॉलीथीन जब्ती की कार्यवाही की जायेगी। नगर के नागरिक, दुकानदार व फुटकर व्यापारियों से अपील की जाती है कि वे 50 माईक्रॉन से कम मोटाई वाली पॉलीथीन व प्लास्टिक का उपयोग व भण्डारण ना करें।

# 28 व्यवसायियों से आठ किलो पालीथिन जब्त

रतलाम। शासन के निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्र में 50 माइक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथिन व प्लास्टिक उपयोग प्रतिबंधित है। नगर निगम के स्पॉट फाइन दल द्वारा अमानक पालीथिन का उपयोग करने वाले दुकानदारों के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। सोमवार को लालवानी कस्तूरबा नगर पर 250, अरिहंत श्री न्यू रोड पर 200, त्रिमूर्ति स्वीट्स न्यू रोड पर 150, इंदर सेठ कस्तूरबा नगर, सोनू जायसवाल महलवाड़ा, मेवाड़ साड़ी न्यू रोड, साई कृपा फ्रूट विक्रय न्यू रोड पर 100-100, शेरू म्हू रोड बस स्टैंड, मां गंगाश्री, सतीश पानी पुरी, राजा बाबू, किशन पानी पुरी, कुलदीप पानी पुरी, बाबा चाट न्यू रोड, इंद्रेश, शुभम पानी पतासा, मोहन पानी पतासा, राजेंद्र, सूरजबाई, कैलाशीबाई, राजू, विक्रम, ओम व्यास, सुरेश, फुलीबाई, निर्मलाबाई, बिमलाबाई आदि पर 50-50 रुपये का जुर्माना कर भविष्य में 50 माइक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथिन उपयोग नहीं करने की समझाइश दी गई।

# शहर में 50 माइक्रोन से कम की पॉलिथीन का इस्तेमाल प्रतिबंधित

रतलाम | शहर में 50 माइक्रोन से कम की पॉलीथिन को प्रतिबंधित किया है। सब्जी, फल व अन्य सामग्री के फुटकर व्यवसायी अगर 50 माइक्रॉन से कम मोटी पॉलीथीन का उपयोग करते हैं तो 50 रुपए का का अर्थदंड कर जुर्माना वसूला जाएगा। इसी तरह दुकानदारों द्वारा 50 माइक्रोन से कम मोटाई की पॉलीथीन का उपयोग व भंडारण करता है तो उस पर 5 हजार रुपए का अर्थ दंड किया जाकर पॉलीथिन जब्त की जाएगी। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया शहरवासी, दुकानदार, एवं फुटकर व्यापारी, इससे कम की पॉलीथिन का उपयोग और भंडारण ना करें।

# गति अवरोधक बन रहे हैं परेशानी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर में हाल ही में सड़क पर लगे गति अवरोधक दुर्घटना का कारण भी बन रहे हैं। वाहन चालकों को भी इससे परेशानी हो रही है। दो पहिया वाहन चालक के साथ ही चार पहिया वाहनों के लिए भी दिक्कत पैदा कर रही है। सोमवार को पॉवर हाउस रोड पर लोहे को भरकर जा रही एक चार पहिया वाहन इसी तरह दुर्घटना का शिकार होते-होते बची। गाड़ी में सामान काफी भरा हुआ था और गति अवरोधक पर उसका आगे का पहिया चढ़ते ही वह हिस्सा ऊंचा हो गया और पीछे भरा लोहे का सामान जमीन से टकरा गया। वाहन वहीं का वहीं रुक गया। इस वजह से काफी देर तक इस मार्ग पर आवागमन अवरुद्ध रहा।

# निर्माण श्रमिक 31 मार्च तक पंजीयन कराएं

रतलाम। मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल में पंजीयन का एक और मौका दिया गया है। पात्रता में आने वाले ऐसे निर्माण श्रमिक जिन्होंने अभी तक अपना पंजीयन नहीं कराया है, वे 31 मार्च तक अपना पंजीयन करा सकते हैं। इसी प्रकार मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के पंजीकृत हितग्राही जिनका भौतिक सत्यापन नहीं हुआ है उनसे अपने पंजीयन का भौतिक सत्यापन कराने का आग्रह किया गया है। जिनके पंजीयन में नाम पता, बैंक खाता नम्बर, आधार नम्बर में या अन्य कोई त्रुटि है तो उसका शुद्धिकरण ग्रामीण क्षेत्र में जनपद पंचायत एवं शहरी क्षेत्र में नगर पालिका, नगर पंचायत में आवेदन देकर कराया जा सकता है। सभी पंजीकृत परिवारों से आग्रह किया गया है कि हितलाभ प्राप्त करने में आने वाली कठिनाईयों से बचने के लिये यह काम जरूर कराएँ।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– नईदुनिया –पृष्ठ 05 दिनांक 23/02/2021

# कचरामुक्त स्थलों पर गंदगी



ऊंकाला क्षेत्र में लगे गंदगी के ढेर के आसपास विचरण करते हुए मवेशी। • नईदुनिया

रतलाम। एक ओर जहां नगर निगम द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में नंबर वन रैंक के लिए अनेक आयोजन किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी शहर के कई कचरामुक्त स्थलों पर फिर से गंदगी के ढेर लगने लगे हैं। इससे स्वच्छता में नंबर वन रैंक के सपने को धक्का लग रहा है। ऊंकाला रोड मुख्य मार्ग पर कचरामुक्त स्थल पर फिर से गंदगी ने पैर पसार लिए हैं। क्षेत्र में दो प्रमुख भी स्थित हैं, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की आवाजाही होती है। गंदगी के कारण जहां वातावरण प्रदूषित हो रहा है, वहीं मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ रहा है। नईदुनिया

# स्वच्छ सर्वेक्षण में नागरिक अपना फीडबैक सकारात्मक भाव से दे

रतलाम। नगर विधायक चेतन्य काश्यप ने कहा है हमारा रतलाम शहर स्वच्छ और सुंदर होकर स्वच्छता की दौड़ में प्रदेश और देश में अव्वल रहे। नगर निगम इस दिशा में निरन्तर प्रयास कर रहा है। अब नागरिक भी इसमें अपनी पूरी जिम्मेदारी निभाए। स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत प्रत्येक नागरिक अपना फीडबैक सकारात्मक भावना के साथ दे। श्री काश्यप बुधवार को रतलाम स्थापना महोत्सव समिति द्वारा आयोजित परिचर्चा के अवसर पर स्वच्छता सर्वेक्षण विषय पर उपस्थित गणमान्य नागरिकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सर्वेक्षण से जुड़े एक पेंपलेट का भी विमोचन किया। इस अवसर पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने स्वच्छता को लेकर निगम द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी देते है उपस्थित जनो से शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का आव्हान किया। कार्यक्रम के दौरान समिति संयोजक श्री मुन्नालाल शर्मा, अध्यक्ष प्रवीण सोनी, मंगल लोढ़ाजी, वरिष्ठ पत्रकार शरद जोशी आदि उपस्थित रहे। स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2021 के अंतर्गत निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा लगातार शहर के सभी क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत शहर में विशेष साफ-सफाई अभियान बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है। इसके साथ-साथ ही कचरा मुक्त स्थानों पर आकर्षक रंगोली और दीपदान के माध्यम से सफाई मित्र समूह के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– पत्रिका –––पृष्ठ 02 दिनांक 23/02/2021

## घरों से एक साथ उठ रहा गीला-सूखा कचरा

# ये कैसा स्वच्छ सर्वेक्षण : शहर गंदा, कलेक्टर को अव्वल आने के सपने दिखा रहा नगर निगम

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में रतलाम शहर को अव्वल स्थान दिलाने के लिए नगर निगम की तैयारियां हवा में ही तेज चल रही है। निगम के अधिकारी भी कलेक्टर को मुंगेरीलाल के सपने दिखा रहे है जबकि हकीकत पूरी तरह से उलट है। ऐसे ही हाल रहे तो रतलाम स्वच्छता में आगे से अव्वल आए या न आए लेकिन पीछे से अव्वल जरूर आएगा।

स्वच्छता अभियान को लेकर निगम का पूरा ध्यान शहर की मुख्य सड़कों पर है जबकि कॉलोनियों, मोहल्लों में हालत खराब है। शहर में कई क्षेत्र ऐसे है जहां पर एक दिन छोड़कर दूसरे दिन निगम का वाहन कचरा संग्रहण के लिए पहुंचता है। इतना ही नही गीला और सूखा कचरा भी न तो लोगों को समझाइश देकर अलग कराया जा रहा है और न स्वयं ऐसा कर रहे है जिसके चलते गीली-सूखा कचरा एक साथ गाड़ी में जा रहा है। इतना ही नही शहर के नाहरपुरा की एक गली में कई महीनों से कचरे का ढेर पड़ा है जिसे निगम के द्वारा अब तक नही उठवाया गया है। जबकि इस संबंध में कई बार रहवासी शिकायत भी कर चुके होने की बात कह रहे है। वही दूसरी ओर कस्तूरबा नगर मेन रोड पर नालियों का पानी सड़कों पर बह रहा।

कलेक्टेट सभाकक्ष में सोमवार को कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश भी दिए। सफाई कार्य की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जो भी दुकानदार अपना कचरा बाहर फेंकते है वे दुकाने दंड के रूप में बंद की जाएगी। बैठक में बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण में रतलाम को अग्रणी स्थान मिले, इसका निर्णय सिटीजन फीडबैक करेगा। जिम्मेदार भी आमजन से शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की अपील कर रहे है।

### जो काम न करें उसे हटाएं

कलेक्टर द्वारा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण करने वाले वाहनों की समीक्षा की तो निगम के अधिकारियों ने बताया कि अभी लगभग 51 वाहन कचरा संग्रहण का कार्य कर रहे है। सभी मोहल्ले में वाहन नहीं जा पा रहे है, 10 प्रतिशत कचरा बाहर फेंका जा रहा है। कलेक्टर ने वाहनों की संख्या कम होने पर वाहनों के वार्डवार फेरे बढ़ाए जाने की बात कही है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जो भी वाहन चालक कार्य में कोताही बरतता है उसे हटा दिया जाए। वाहनों की लागबुक चेक की जाए।

पत्रिका

## स्वच्छता सर्वेक्षण | सिटीजन फीडबैक से तय होगा शहर की सफाई का स्तर

# खुले में कचरा फेंका तो दंड के तौर पर बंद होगी दुकान

रतलाम(नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर को सफाई की परीक्षा में अव्वल रखने के लिए अब तैयारी तेज कर दी गई है। सोमवार को कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने निगम अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि स्वच्छ सर्वेक्षण में रतलाम को अग्रणी स्थान मिले, इसका निर्णय सिटीजन फीडबैक करेगा। इसलिए नागरिकों से शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में हरसंभव सहयोग की अपील की गई है। कलेक्टर ने कहा कि यदि वाहन डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण ठीक से नहीं करते हैं तो शहर को अच्छी रैंक प्राप्त नहीं हो सकेगी। दुकानदारों द्वारा दुकान का कचरा डस्टबिन में संग्रहित करना सुनिश्चित किया जाए। डस्टबिन से निगम के वाहन में कचरा डाला जाएगा, ऐसा नहीं करने वाले दुकानदारों की दुकानें दंड स्वरूप बंद की जाएगी।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि रतलाम शहर को सुंदर स्वरूप दिया जाए इसके लिए समर्पित टीम कार्य करें। विभिन्न स्थानों पर रंगोली, पेंटिंग इत्यादि से सुंदरता में निखार लाया जाए। स्वच्छ सर्वेक्षण के एक महत्वपूर्ण मानक गीला कचरा, सूखा कचरा को पृथक-पृथक करके उनके निष्पादन प्रक्रिया की भी समीक्षा कलेक्टर द्वारा की गई। कंसल्टेंट हिमांशु शुक्ला द्वारा स्वच्छता के मानकों की जानकारी दी गई। बैठक में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, परियोजना अधिकारी शहरी विकास निशिकांत शुक्ला, सिटी इंजीनियर जीके जायसवाल, सुरेशचंद्र व्यास, उपायुक्त विकास सोलंकी, उपयंत्री अनवर कुरैशी, राजेश कुमावत, स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह तथा निगम के अन्य अधिकारी इंजीनियर उपस्थित थे।

**10 प्रतिशत कचरा खुले में फेंका जा रहा :** कलेक्टर द्वारा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण करने वाले वाहनों की समीक्षा की गई। बताया गया कि अभी लगभग 51 वाहन कचरा संग्रहण का कार्य डोर-टू-डोर जाकर कर रहे हैं। प्रत्येक मोहल्ले में वाहन नहीं जा पा रहे हैं लगभग 10 प्रतिशत कचरा बाहर फेंका जा रहा है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि वाहनों की संख्या कम होने पर वार्डवार फेरे बढ़ाए जाएं।

### लापरवाही करने पर ड्राइवर को हटाएं

कचरा संग्रहण करके ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाने की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जो भी वाहन ड्राइवर लापरवाही बरतता है उसको सेवा से हटा दिया जाए। वाहनों की लागबुक चेक की जाए, इससे पता चलेगा कि वाहन कब-कब, किस समय ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचा अथवा नहीं। वाहनों पर लगे जीपीएस से भी मानीटरिंग की जाए। इसके लिए वार्डों के क्लस्टर बनाकर कम्प्यूटर आपरेटर नियुक्त किए जाएं जो जीपीएस के माध्यम से मानीटरिंग करेंगे।

नईदुनिया

**नया फरमान** • स्वच्छ सर्वे में नंबर वन बनाने की सख्ती, निगम व्यापारियों से अब तक जुर्माना वसूल रहा था

# अब दुकान के सामने कचरा नजर आया तो सील करेंगे

### स्वच्छ सर्वेक्षण में शहर को पहले स्थान पर लाने के लिए कलेक्टर ने दिए निर्देश

भास्कर संवाददाता | रतलाम

दुकानों के सामने गंदगी मिलने पर अभी तक तो नगर निगम दुकानदारों से जुर्माना वसूल रहा था। लेकिन अब कचरा मिला तो दुकान ही सील कर दी जाएगी। स्वच्छ सर्वेक्षण में रतलाम को नंबर वन बनाने के लिए कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने ये निर्देश जारी किए हैं। शहर में ऐसा पहली बार होगा जब व्यापारियों की दुकानें सील की जाएंगी।

स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर सोमवार को कलेक्टर ने नगर निगम के अफसरों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने निगम के अफसरों से कहा कि शहर में दुकानों के सामने डस्टबिन आवश्यक रूप से रखे हो। जैसे ही कचरा गाड़ी आए दुकानदार डस्टबिन का कचरा गाड़ी में डालें। जो दुकानदार अपना कचरा बाहर फेंकते हैं उनकी दुकान सील कर दी जाए। इधर कलेक्टर के इस आदेश के बाद संयुक्त व्यापारी संघ ने सभी व्यापारियों से दुकानों के बाहर डस्टबन रखने को कहा है।

**50 रुपए से लेकर 2 हजार रुपए तक जुर्माना वसूल रहा था निगम** : दुकान के बाहर कचरा मिलने पर नगर निगम 50 से 2 हजार रुपए तक जुर्माना वसूल रहा था। इसके लिए निगम के अफसर बाजार में घूम रहे थे और दुकान के सामने गंदगी मिलने पर जुर्माना लगा रहे थे।

## कोई दूसरा व्यक्ति दुकान के बाहर कचरा फेंक दे तो भी दुकान सील होगी क्या?

संयुक्त व्यापारी संघ के मनोज झालानी ने बताया कि शहर स्वच्छ रहे इसके लिए सभी को मिलजुलकर प्रयास करना होंगे। इसमें व्यापारियों को भी सहयोग करना चाहिए। सभी एक दूसरे का सहयोग करेंगे तो हमारा शहर सबसे साफ शहर रहेगा। व्यापारियों को अपनी दुकानों के आगे डस्टबीन रखना चाहिए ताकि कचरा गाड़ी आए तो उसमें डाला जा सके। निगम को भी ध्यान रखना होगा कि बाजार में रोज कचरा गाड़ी आए ताकि दुकानदार कचरा डाल सकें। क्योंकि कई बार कई बाजारों में कचरा गाड़ी नहीं पहुंच पाती है। इससे दुकानदार कचरा नहीं डाल पाते। वहीं कार्रवाई के दौरान यह भी ध्यान रखना होगा कि दुकान के बाहर जो कचरा मिला है वो दुकानदार ने ही फेंका हो। कहीं ऐसा ना हो की कोई दूसरा कचरा फेंक गया हो व्यापारी फंस जाए।

## वाहनों के फेरे बढ़ाए, ड्राइवर कोताही बरते तो सेवा से हटाया जाए

निगम के अफसरों ने कलेक्टर को बताया कि अभी लगभग 51 वाहन कचरा संग्रहण का कार्य डोर-टू-डोर रहे हैं। कलेक्टर ने वाहनों की संख्या कम होने की जानकारी मिलने पर कहा कि वाहनों के वार्डवार फेरे बढ़ाएं। वहीं जो भी ड्राइवर अपने कार्य में कोताही बरत रहे हैं उन्हें सेवा से हटाया जाए। इसके साथ ही वाहनों की लागबुक चेक की जाए, इससे पता चलेगा कि वाहन कब-कब, किस समय ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचा अथवा नहीं। वहीं सभी वाहनों में जीपीएस लगाए जाए ताकि सही ढंग से मॉनिटरिंग की जाए।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–प्रसारण–पृष्ठ 10 दिनांक 23/02/2021

कलेक्टर ने समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# शत-प्रतिशत पात्र व्यक्तियों को पात्रता पर्ची उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी नहीं सुने तो उसे दंडित करें

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

जिले में शत-प्रतिशत पात्र व्यक्तियों को खाद्यान्न मुहैया कराने के लिए पात्रता पर्चियां उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। यदि अधिनस्थ कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आदेश का पालन नहीं करते है तो उन्हें दंडित किया जाए। यह निर्देश कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी सिद्दीक हुसैन चौधरी को दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, एसडीएम एम.एल. आर्य, डिप्टी कलेक्टर सुश्री कृतिका भीमावद, सुश्री मनीषा वास्कले, परियोजना अधिकारी डूडा निशिकांत शुक्ला, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी दीपक गुप्ता, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन एच.के. मालवीय आदि जिला अधिकारी उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों के निराकरण की समीक्षा में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन भी समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में अनिवार्य रूप से प्रति सप्ताह उपस्थित रहे क्योंकि जिला चिकित्सालय की शिकायतों में वृद्धि हो रही है। आगामी समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के दृष्टिगत कलेक्टर ने जिला आपूर्ति अधिकारी उपसंचालक कृषि, जिला मार्केटिंग अधिकारी तथा डीआरसीएस को निर्देशित किया कि वे गत वर्ष गेहूं की आवक, इस वर्ष गेहूं की आवक, मंडियों के भाव के तुलनात्मक पत्र तैयार कर आवश्यक जानकारी मुहैया कराए ताकि उपार्जन की व्यवस्थित ढंग से तैयारी की जा सके।

बैठक में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की समीक्षा में बताया गया कि नगर निगम की आवारा कुत्तों की शिकायतों में कमी आई है, पूर्व में 29 शिकायतें थी जो अब घटकर 16 रह गई है। सीमांकन के लिए शिकायतों में वृद्धि हुई है 26 से बढ़कर 29 हो गई है। सभी तहसीलदारों को समयावधि में कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया। कलेक्टर द्वारा सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया गया कि संतुष्टिदायक निराकरण करें। जावरा नगर पालिका अधिकारी के द्वारा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में ठीक से कार्य नहीं करने पर कलेक्टर द्वारा असंतोष व्यक्त किया गया और उनको समय सीमा में कार्य करने की हिदायत दी गई। उन्हें आगामी 27 फरवरी तक समस्त लंबित शिकायतों के निराकरण करने के लिए निर्देशित किया गया।

प्रसारण

कलेक्टर द्वारा बैठक में अधिकारियों को अर्द्धशासकीय पत्र सही ढंग से लिखने के लिए निर्देशित किया गया। इस संबंध में महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी द्वारा लिखे गए अर्द्ध शासकीय पत्र पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर द्वारा उन्हें सिखाया गया कि अर्द्ध शासकीय पत्र किस प्रकार लिखा जाए। कलेक्टर द्वारा इस संबंध में हाशिया छोड़ने, कहां से पैरा स्टार्ट किया जाता है, कितना पैरा छोड़ना है, आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सिखाया गया। बैठक में कलेक्टर द्वारा वनाधिकार पट्टों के वितरण अन्न महोत्सव, यूरिया की स्थिति आदि बिंदुओं पर भी समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए।

## कलेक्टर ने बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की

# स्वच्छ सर्वेक्षण में रतलाम को अव्वल स्थान दिलाने के लिए तैयारियां


- सिटीजन फीडबैक तय करेगा रतलाम शहर स्वच्छ, सुंदर है अथवा नहीं
- बाहर कचरा फेंकने पर दुकान बंद की जाएगी

प्रसारण न्यूज़ * रतलाम

* स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में रतलाम शहर को अव्वल स्थान दिलाने के लिए तैयारियां जोर-शोर से जारी है, इसे लेकर एक बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश निर्देश दिए। बैठक में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, परियोजना अधिकारी शहरी विकास निशिकांत शुक्ला, सिटी इंजीनियर जी.के. जायसवाल, सुरेशचंद्र व्यास, उपायुक्त विकास सोलंकी, उपयंत्री अनवर कुरैशी, राजेश कुमावत, स्वा स्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह तथा निगम के अन्य अधिकारी इंजीनियर उपस्थित थे।

बैठक में बताया गया कि स्वच्छ सर्वेक्षण में रतलाम को अग्रणी स्थान मिले, इसका निर्णय सिटीजन फीडबैक करेगा, इसलिए नागरिकों से अपील की गई है कि रतलाम शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में हरसंभव सहयोग करें। कलेक्टर ने सफाई कार्य की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जो भी दुकानदार अपना कचरा बाहर फेंकते हैं, वे दुकानें दंड के रूप में बंद की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि रतलाम को अग्रणी स्थान लगाने के लिए जी-जान से कार्य करें।

कलेक्टर द्वारा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण करने वाले वाहनों की समीक्षा की गई। बताया गया कि अभी लगभग 51 वाहन कचरा संग्रहण का कार्य डोर-टू-डोर जाकर कर रहे है। पाया गया है कि प्रत्येक मोहल्ले में वाहन नहीं जा पा रहे हैं, लगभग 10 प्रतिशत कचरा बाहर फेंका जा रहा है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि वाहनों की संख्या कम होने पर वाहनों के वार्डवार फेरे बढ़ाए जाएं।



## मुख्यमंत्री की आगामी कलेक्टर कांफ्रेंस के लिए कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा आगामी 8 मार्च को ली जाने वाली कलेक्टर कांफ्रेंस की तैयारियों के लिए कलेक्टर गोपालचंद डाड द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। कांफ्रेंस की तैयारी के लिए कलेक्टर द्वारा एजेंडानुसार जिले में पात्रता पर्चियों का वितरण, भू-माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई, अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई, अतिक्रमण हटाने, मिलावट से मुक्ति अभियान, समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की तैयारी, प्राकृतिक प्रकोप में राहत राशि वितरण, कानून व्यवस्था, कालाबाजारी की रोकथाम, अवैध रूप से रेत के परिवहन उत्खनन के विरुद्ध कार्रवाई, मुख्यमंत्री कृषक कल्याण योजना, गौसेवा योजना, वनाधिकार पट्टों का वितरण, जल जीवन मिशन, स्वयं सहायता समूह के उत्थान, स्वरोजगार, मनरेगा, यूरिया वितरण आदि सर्वोच्च प्राथमिकता वाली योजनाओं कार्यक्रमों एवं महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही आवश्यक तैयारियों के लिए भी निर्देशित किया गया है।

कचरा संग्रहण करके ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाने की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जो भी वाहन ड्राइवर अपने कार्य में कोताही बरतता है, उसको सेवा से हटा दिया जाए। इसके साथ ही वाहनों की लॉगबुक चैक की जाए, इससे पता चलेगा कि वाहन कब-कब, किस समय ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचा अथवा नहीं। इसके साथ ही जी पी एस भी सभी वाहनों पर लगा दिए गए हैं, अतः जीपीएस से भी मॉनिटरिंग की जाए। इसके लिए वार्डों के क्लस्टर बनाकर कंप्यूटर ऑपरेटर नियुक्त किए जाए, जो जी पी एस के माध्यम से मॉनिटरिंग करेंगे। बताया गया कि यदि वाहन डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण ठीक से नहीं करते हैं, तो शहर को अच्छी रैंक प्राप्त नहीं हो सकेगी।

दुकानदारों द्वारा दुकान का कचरा डस्टबिन में संग्रहित करना सुनिश्चित किया जाए। डस्टबिन से निगम के वाहन में कचरा डाला जाएगा, ऐसा नहीं करने वाले दुकानदारों की दुकान बंद की जाएगी।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि रतलाम शहर को सुंदर स्वरूप दिया जाए, इसके लिए समर्पित टीम कार्य करें। विभिन्न स्थानों पर रंगोली, पेंटिंग इत्यादि से सुंदरता में निखार लाया जाए। स्वच्छ सर्वेक्षण के एक महत्वपूर्ण मानक गीला कचरा, सूखा कचरा को पृथक-पृथक करके उनके निष्पादन प्रक्रिया की भी समीक्षा कलेक्टर द्वारा की गई। बैठक में कंसल्टेंट हिमांशु शुक्ला द्वारा शहर को अग्रणी स्थान दिलाने के लिए स्वच्छता के मानकों की जानकारी दी गई।

प्रसारण



# गुलमोहर कालोनी को मिला सबसे स्वच्छ कालोनी का अवार्ड

## निगम आयुक्त ने कालोनी समिति को शील्ड प्रदान की

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

स्वच्छता संकल्प देश का हर रविवार विशेष थीम के तहत गुलमोहर कालोनी में आयोजित गंदगी पर प्रहार हम है तैयार'' कार्यक्रम में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने गुलमोहर कालोनी को रतलाम नगर की सबसे स्वच्छ कालोनी का अवार्ड कालोनी समिति को प्रदान किया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने आयोजित कार्यक्रम में अपना उद्बोधन में कचरे को रक्त बीज बताते हुए कहा कि कचरा जमीन पर गिरा तो यह रक्त बीज का रूप लेकर चारो ओर गंदगी फैलायेगा। इसलिये सभी को यह प्रयास करना चाहिये कि कचरा जमीन पर ना आये जब कचरा जमीन पर आयेगा ही नही तो गंदगी होगी ही नही। उन्होने गुलमोहर कालोनीवासियों की तारिफ करते हुए कहा कि जिस तरह गुलमोहर कालोनी के रहवासी स्वच्छता के प्रति जागरूक है उसी तरह रतलाम का प्रत्येक नागरिक जागरूक हो जाये तो रतलाम नगर को स्वच्छता में नम्बर 1 बनाने से कोई रोक नहीं सकता। इस अवसर पर उन्होने कालोनीवासियों से आव्हान किया कि वे अपने घरो से निकलने वाले गीले कचरे से जैविक खाद बनाये व अपने उद्यान को हरा-भरा रखें।

निगम आयुक्त ने उपस्थित रहवासियों को स्व%छता को लेकर नगर निगम के प्रयासों से अवगत कराते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक ना तो खुद गंदगी करे और ना ही दूसरे को करने दे। हमे स्व%छ सर्वेक्षण-2021 में रतलाम शहर को हर हाल में नम्बर-वन बनाना है। इस अवसर पर कालोनीवासियों की मांग पर कालोनी की एप्रोच रोड निर्माण, उद्यान विकसित करना व नाले की सफाई हेतु निगम आयुक्त ने आश्वस्त किया।

आयोजित कार्यक्रम में गुलमोहर कालोनी समिति अध्यक्ष बलवंत भाटी ने कहा कि इस कालोनी के रख रखाव और इसे स्व%छ और सुंदर बनाने से जुड़ी जानकारी देते हुए बताया कि पूरी कालोनी में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए है साथ ही सफाई और पानी की भी व्यवस्था है। सुरक्षा के लिए यहां सुरक्षाकर्मी भी तैनात है। उन्होने कहा कि यहां के सभी रहवासी स्व%छता को लेकर पूरी तरह जागरुक भी है।

## नगर निगम ने गुलमोहर को दिया शहर की सबसे स्वच्छ कॉलोनी का दर्जा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

नगर निगम ने गुलमोहर कॉलोनी को शहर की सबसे साफ कॉलोनी का अवॉर्ड दिया। यह अवॉर्ड आयुक्त सोमनाथ झारिया ने समिति के पदाधिकारियों को प्रदान किया।

आयुक्त ने गुलमोहर कॉलोनीवासियों की तारीफ करते हुए कहा कि जिस तरह गुलमोहर कॉलोनी रहवासी स्वच्छता के प्रति जागरूक हैं उसी तरह शहर का हर नागरिक जागरूक हो जाए तो रतलाम नगर को स्वच्छता में नंबर 1 बनाने से रोक नहीं सकता। कॉलोनीवासियों की मांग पर एप्रोच रोड निर्माण, उद्यान विकसित करना व नाले की सफाई का भरोसा आयुक्त ने दिया। गुलमोहर कॉलोनी समिति अध्यक्ष बलवंत भाटी ने कहा कॉलोनी में सीसीटीवी लगे हैं। सुरक्षाकर्मी भी तैनात हैं। इस मौके पर सचिव अशोक दुबे, उपाध्यक्ष राजेश माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष संजय कोचर, रविशंकर गुप्ता, बी.एल. पुरोहित, राज किशोर गुप्ता व रहवासियों को शील्ड प्रदान की।

## युवा खिलाडियों ने लिया स्वच्छ और सुंदर रतलाम बनाने का संकल्प

रतलाम। जिस तरह हम शारीरिक मजबूती, खुद को फिट रखने के लिए या खेल स्पर्धाओं में अव्वल आने के लिए खेल भावना के साथ ही खेल गतिविधियों में हिस्सा लेते है ऐसे ही हमे अपने घर, आसपास,खेल मैदान और शहर की स्वच्छता का भाव भी रखना चाहिए। हमारा शहर स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में हिस्सा ले रहा है। हम सभी को प्रयास करना चाहिए कि रतलाम स्वच्छता की दौड़ में नम्बर-1 रहे।

उक्त विचार स्थानीय नेहरू स्टेडियम में आयोजित स्वच्छता संकल्प देश का विषय पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान आशुतोष क्रिकेट क्लब के पदाधिकारी और खेल प्रशिक्षक अनुज शर्मा ने युवा खिलाडियों की उपस्थिति में व्यक्त किए।

श्री सोलंकी ने कहां कि हमारा उद्देश्य केवल आसपास की सफाई करना ही नहीं है अपितु नागरिकों की सहभागिता से अधिक-से अधिक पेड़ लगाना, कचरा मुक्त वातावरण बनाना, शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराकर एक स्वच्छ रतलाम का निर्माण करना है।

# प्रतियोगिताओं में दिखाया उत्साह, विजेता पुरस्कृत

रतलाम। शहर के बिरियाखेड़ी स्थित जवाहर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने स्वच्छता संदेश से जुड़े कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर निकली जागरूकता रैली में नया सवेरा लाएंगे और रतलाम को स्वच्छ बनाएंगे जैसे नारे लगाए गए।

निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, एमके जैन, स्कूल प्राचार्य अनिता सागर आदि मौजूद रहे। इस मौके पर निगमायुक्त ने फीडबैक से जुड़े सवाल-जवाबों से भी छात्र-छात्राओं को अवगत कराते हुए सकारात्मक भाव से इसका उपयोग करने की अपील की। अतिथि का स्वागत माधुरी फडनीस, शिवानी झामर, कमलसिंह, ज्योति शर्मा, अशोककुमार खत्री व अनिल पांचाल ने किया।



जवाहर स्कूल में छात्रा को पुरस्कृत करते हुए निगमायुक्त सोमनाथ झारिया। • नईदुनिया

विद्यालय में स्वच्छ रतलाम-स्वस्थ रतलाम की थीम पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान रंगोली, क्विज, मेहंदी, भाषण, चित्रकला सहित अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। रंगोली प्रतियोगिता के दौरान फिजा मेव, चेतना प्रजापत, कीर्ति और नाजनीन को पुरस्कृत किया गया। इसी तरह निबंध प्रतियोगिता में दीनदयाल, शिवानी, रवि वर्मा, शमीम, मेहंदी स्पर्धा में करिश्मा, नाजनीन, कीर्ति, शमीम ने बाजी मारी। चित्रकला प्रतियोगिता में रसिला मईड़ा, वर्षा सोलंकी, मोहम्मद अनस और ऋतु डोडियार अव्वल रहीं। सभी सफल प्रतियोगियों को अतिथियों ने उपहार और सम्मान पत्र देकर पुरस्कृत किया। प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका ऋषिराज चौहान, आशा शर्मा, माधुरी फडनीस, आरती त्रिवेदी, वंदना वर्मा, मिथलेश मिश्र, धर्मा कोठारी, विनिता जैन ने निभाई। संचालन मिथलेश कुमार मिश्र ने किया। आभार राजेंद्रसिंह राठौर ने माना।

## ओवरलोडिंग पांच बसों के चालान बनाए

रतलाम। जिला परिवहन अधिकारी द्वारा शासन के निर्देश अनुसार वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है। सोमवार को धराड़ टोल नाके पर चेकिंग के दौरान ओवरलोडिंग पर पांच बसों के चालान बनाकर 35 हजार रुपये अर्थदंड वसूला गया। इस दौरान 32 वाहनों की चेकिंग की गई।

नईदुनिया

1

## सीवरेज की खुदाई में फूटी पाइप लाइन



हरदेवलाला की पीपली क्षेत्र में पेयजल पाइप लाइन फूटने से पानी व्यर्थ बहता रहा। ●नईदुनिया

रतलाम। सीवरेज लाइन डालने के लिए की जा रही खोदाई के चलते शहर में जगह-जगह पेयजल लाइन, टेलीफोन केबलें क्षतिग्रस्त हो रही हैं। रविवार रात खोदाई में हरदेवलाला की पीपली के समीप पेयजल पाइप लाइन फूट गई। रात में टंकियां भरने के लिए हो रही सप्लाई के दौरान लाइन फूटने से पानी व्यर्थ बहता रहा। सुबह आसपास के क्षेत्रों में सप्लाई भी बाधित हो गई। सीवरेज कंपनी के अमले को नगर निगम अधिकारियों द्वारा मरम्मत करने के निर्देश दिए गए। सोमवार दोपहर तक सुधारा गया। लक्ष्मणपुरा होकर जवाहर नगर जाने वाले मार्ग पर भी खोदाई से आवागमन बाधित हो रहा है। निगम के जलप्रदाय विभाग के प्रभारी सत्यप्रकाश आचार्य ने बताया कि पाइप लाइन की मरम्मत के निर्देश सीवरेज निर्माण कंपनी के प्रतिनिधि को दिए थे, दोपहर तक काम पूरा हो गया।

## मुख्यमंत्री की कान्फ्रेंस को लेकर कलेक्टर के अधिकारियों को निर्देश

रतलाम। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा आगामी 8 मार्च को ली जाने वाली कलेक्टर कॉन्फ्रेंस की तैयारियों के लिए कलेक्टर गोपालचंद्र डाड द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। कॉन्फ्रेंस की तैयारी के लिए कलेक्टर द्वारा एजेंडानुसार जिले में पात्रता पर्चियों का वितरण, भू-माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई, अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई, अतिक्रमण हटाने, मिलावट से मुक्ति अभियान, समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की तैयारी, प्राकृतिक प्रकोप में राहत राशि वितरण, कानून व्यवस्था, कालाबाजारी की रोकथाम, अवैध रूप से रेत के परिवहन उत्खनन के विरुद्ध कार्रवाई, मुख्यमंत्री कृषक कल्याण योजना, गौसेवा योजना, वनाधिकार पट्टों का वितरण, जल जीवन मिशन, स्वयं सहायता समूह के उत्थान, स्वरोजगार, मनरेगा, यूरिया वितरण आदि सर्वोच्च प्राथमिकता वाली योजनाओं कार्यक्रमों एवं महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही आवश्यक तैयारियों के लिए भी निर्देशित किया गया है।

## सीएम की कॉन्फ्रेंस के पहले कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए तैयारी के निर्देश

रतलाम. मुख्यमन्त्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा 8 मार्च को ली जाने वाली वीडियो कॉन्फ्रेंस की तैयारियों को लेकर कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। कलेक्टर द्वारा बैठक के दौरान प्राकृतिक प्रकोप में राहत राशि वितरण, कानून व्यवस्था, कालाबाजारी की रोकथाम, अवैध रूप से रेत के परिवहन उत्खनन के विरुद्ध कार्रवाई, मुख्यमंत्री कृषक कल्याण योजना, गौसेवा योजना, वनाधिकार पट्टों का वितरण, जल जीवन मिशन, स्वयं सहायता समूह के उत्थान, स्वरोजगार, मनरेगा, यूरिया वितरण आदि सर्वोच्च प्राथमिकता वाली योजनाओं कार्यक्रमों एवं महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही आवश्यक तैयारियों के लिए भी निर्देशित किया गया है।

## स्वास्थ विभाग की सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा

रतलाम। सीएमएचओ डा. प्रभाकर ननावरे ने गत दिवस समस्त विकासखंड के बीएमओ शाखा प्रभारी एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर की उपस्थिति में सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। सीएमएचओ ने निर्देशित किया कि किसी भी स्थिति में कोई भी शिकायत नॉन अटेंडेड ना रहे। हर शिकायत में संबंधित एल वन अधिकारी शिकायतकर्ता से चर्चा करें एवं संतुष्टिपूर्वक निराकरण करना सुनिश्चित करें। सीएमएचओ ने निर्देशित किया कि गर्भवती महिलाओं के गर्भावस्था के दौरान ही उनका खाता नंबर और आईएफएससी कोड प्राप्त कर लिया जाए। गर्भवती माताओं के अनमोल एप में प्रविष्टि के समय समग्र आइडी में उल्लेखित नाम ही दर्ज किया जाए ताकि किसी भी प्रकार की विसंगति से बचा जा सके।

## निगम के 766 अधिकारी/कर्मचारियों ने लगवाये कोरोना का टीके

रतलाम। फ्रंट लाईन वर्करो को लगाये जा रहे कोरोना टीकाकरण अभियान के तहत निगम के विभिन्न विभागो के 451 अधिकारी एवं कर्मचारियों ने 17 फरवरी बुधवार को डॉ. अम्बेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउण्ड, अलकापुरी कम्यूनिटी हॉल, जवाहर नगर कम्युनिटी हॉल व सुभाश नगर कम्यूनिटी हॉल पर लगाये गये वेक्सीन सेंटर में कोरोना का टीका लगवाया। इससे पूर्व निगम के 315 अधिकारी एवं कर्मचारी कोरोना का टीका लगवा चुके है। कर्मचारियों की सुविधा हेतु 18 फरवरी गुरुवार को भी डॉ. अम्बेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउण्ड, अलकापुरी कम्युनिटी हॉल, जवाहर नगर कम्युनिटी हॉल व सुभाश नगर कम्यूनिटी हॉल पर कोरोना का टीका प्रातः 08:30 बजे से लगाये जाने की व्यवस्था की गई है। कर्मचारी अपने नजदीकी स्थल पर आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, पेन कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस आदि के साथ उपस्थित होकर कोरोना का टीका अनिवार्य रूप से लगवाये इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही ना बरतें।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–स्वदेश----पृष्ठ 03 दिनांक 23/02/2021

# सिटीजन फीडबैक तय करेगा रतलाम शहर स्वच्छ, सुंदर है अथवा नहीं

## बाहर कचरा फेंकने पर दुकान बंद की जाएगी, कलेक्टर ने बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की

रतलाम ● स्वदेश समाचार

स्वच्छ सर्वेक्षण में रतलाम को अग्रणी स्थान मिले, इसका निर्णय सिटीजन फीडबैक करेगा। इसलिए नागरिकों से अपील की गई है कि रतलाम शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में हरसंभव सहयोग करें। कलेक्टर ने सफाई कार्य की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जो भी दुकानदार अपना कचरा बाहर फेंकते हैं वे दुकानें दंड के रूप में बंद की जाएगी।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर तथा नगर निगम प्रशासक गोपालचंद डाड ने स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में निगमायुक्त सोमनाथ झारिया सहित निगम का अमला उपस्थित था। कलेक्टर द्वारा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण करने वाले वाहनों की समीक्षा की गई। बताया गया कि अभी लगभग 51 वाहन कचरा संग्रहण का कार्य डोर-टू-डोर जाकर कर रहे हैं। पाया गया है कि प्रत्येक मोहल्ले में वाहन नहीं जा पा रहे हैं, लगभग 10 प्रतिशत कचरा बाहर फेंका जा रहा है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि वाहनों की संख्या कम होने पर वाहनों के वार्डवार फेरे बढ़ाए जाएं।

### वाहन चालक कौताही नहीं बरते

कचरा संग्रहण करके ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाने की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जो भी वाहन ड्रायवर अपने कार्य में कौताही बरतता है उसको सेवा से हटा दिया जाए। इसके साथ ही वाहनों की लॉगबुक चेक की जाए, इससे पता चलेगा कि वाहन कब-कब, किस समय ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचा अथवा नहीं। इसके साथ ही जीपीएस भी सभी वाहनों पर लगा दिए गए हैं। अतः जीपीएस से भी मॉनिटरिंग की जाए। इसके लिए वार्डों के क्लस्टर बनाकर कम्प्यूटर ऑपरेटर नियुक्त किए जाएं जो जीपीएस के माध्यम से मॉनिटरिंग करेंगे। बताया गया कि यदि वाहन डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण ठीक से नहीं करते हैं तो शहर को अच्छी रैंक प्राप्त नहीं हो सकेगी। दुकानदारों द्वारा दुकान का कचरा डस्टबिन में संग्रहित करना सुनिश्चित किया जाए। डस्टबिन से निगम के वाहन में कचरा डाला जाएगा, ऐसा नहीं करने वाले दुकानदारों की दुकान बंद की जाएगी।

### रंगोली, पेंटिंग से सुंदरता में निखार लाएं

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि रतलाम शहर को सुंदर स्वरूप दिया जाए इसके लिए समर्पित टीम कार्य करें। विभिन्न स्थानों पर रंगोली, पेंटिंग इत्यादि से सुंदरता में निखार लाया जाए। स्वच्छ सर्वेक्षण के एक महत्वपूर्ण मानक गीला कचरा, सूखा कचरा को पृथक-पृथक करके उनके निष्पादन प्रक्रिया की भी समीक्षा कलेक्टर द्वारा की गई। बैठक में कंसल्टेंट हिमांशु शुक्ला द्वारा शहर को अग्रणी स्थान दिलाने के लिए स्वच्छता के मानकों की जानकारी दी गई।

# स्वच्छ सर्वेक्षण में रतलाम को अव्वल स्थान दिलाने के लिए तैयारियां

रतलाम। स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में रतलाम शहर को अव्वल स्थान दिलाने के लिए तैयारियां जोर-शोर से जारी है। इसे लेकर एक बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश निर्देश दिए।

बैठक में निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, परियोजना अधिकारी शहरी विकास निशिकांत शुक्ला, सिटी इंजीनियर जीके जायसवाल, सुरेशचंद्र व्यास, उपायुक्त विकास सोलंकी, उपयंत्री अनवर कुरेशी, राजेश कुमावत, स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह तथा निगम के अन्य अधिकारी इंजीनियर उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि स्वच्छ सर्वेक्षण में रतलाम को अग्रणी स्थान मिले, इसका निर्णय सिटीजन फीडबैक करेगा। इसलिए नागरिकों से अपील की गई है कि रतलाम शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में हरसंभव सहयोग करें। कलेक्टर ने सफाई कार्य की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जो भी दुकानदार अपना कचरा बाहर फेंकते हैं वे दुकाने दंड के रूप में बंद की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि रतलाम को अग्रणी स्थान लगाने के लिए जी-जान से कार्य करें। कलेक्टर द्वारा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण करने वाले वाहनों की समीक्षा की गई। बताया गया कि अभी लगभग 51 वाहन कचरा संग्रहण का कार्य डोर-टू-डोर जाकर कर रहे हैं। पाया गया है कि प्रत्येक मोहल्ले में वाहन नहीं जा पा रहे हैं लगभग 10 प्रतिशत कचरा बाहर फेंका जा रहा है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि वाहनों की संख्या कम होने पर वाहनों के वार्डवार फेरे बढ़ाये जाएं। कचरा संग्रहण करके ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाने की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जो भी वाहन ड्राइवर अपने कार्य में कोताही बरतता है उसको सेवा से हटा दिया जाए। इसके साथ ही वाहनों की लागबुक चेक की जाए, इससे पता चलेगा कि वाहन कब-कब, किस समय ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचा अथवा नहीं। इसके साथ ही जीपीएस भी सभी वाहनों पर लगा दिए गए हैं, अतः जीपीएस से भी मानिटरिंग की जाए। स्वच्छ सर्वेक्षण के एक महत्वपूर्ण मानक गीला कचरा, सूखा कचरा को पृथक-पृथक करके उनके निष्पादन प्रक्रिया की भी समीक्षा कलेक्टर द्वारा की गई। बैठक में कंसल्टेंट हिमांशु शुक्ला द्वारा शहर को अग्रणी स्थान दिलाने के लिए स्वच्छता के मानकों की जानकारी दी गई।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–दै. भास्कर–पृष्ठ ..14.. दिनांक 23/02/2021

**लापरवाही से बचें** • नगर निगम ने बर्खास्तगी की सख्ती की तो 70 फीसदी से ज्यादा ने लगवा लिए टीके

# एक्टिव केस में रतलाम चौथा तो मौत में 9वां फिर भी टीका लगवाने में प्रदेश में 47वां

- अब कोरोना वैक्सीन का दूसरा डोज लगना शुरू
- पुलिसकर्मियों ने सबसे ज्यादा लगवाई वैक्सीन

भास्कर संवाददाता | रतलाम

कोरोना वैक्सीन को लेकर बड़ी लापरवाही दिख रही है। एक्टिव केस के मामले में प्रदेश के टॉप-5 शहरों में शामिल रतलाम, अब वैक्सीन के मामले में प्रदेश के नीचे के 5 शहरों में शामिल हो गया है। वैक्सीन लगवाने में हम 47वें नंबर पर है। इधर, सोमवार से वैक्सीन के दूसरे डोज लगना भी शुरू हो गए। 76% लोगों ने दूसरा डोज लगवा लिया।

वैक्सीन को लेकर कुछ लोग हिचकिचा रहे हैं। 20 फरवरी तक की स्थिति में रतलाम प्रदेश में 47वें नंबर पर था, 36.5% लोगों ने तो वैक्सीन ही नहीं लगवाई। ये आश्चर्यजनक इसलिए है क्योंकि, रतलाम एक्टिव केस के मामले में प्रदेश में 5वें नंबर पर था लेकिन अब प्रदेश में चौथे नंबर पर आ गया है। इससे साफ है कि कोरोना के केस भले ही कम मिल रहे हैं लेकिन अन्य शहरों के मुकाबले हमारे शहर में बरकरार है।

### ये है... एक्टिव केस में प्रदेश के टॉप-5 शहर

| | |
|---|---|
| इंदौर | 612 |
| भोपाल | 500 |
| जबलपुर | 128 |
| रतलाम | 71 |
| दमोह | 62 |

(नोट- आंकड़े प्रादेशिक बुलेटिन के मुताबिक।)

### रेड जोन से सिर्फ दो कदम दूर है रतलाम

इधर, रतलाम शहर अभी रेड जोन से सिर्फ दो कदम ही दूर है। ग्वालियर और दतिया अभी रेड जोन में शामिल है। ग्वालियर 50वें क्रम तो दतिया सबसे आखिरी 51वें क्रम पर है। वहीं, रतलाम 47वां है। रेड जोन से फासला कम है क्योंकि, इंदौर 48 और शिवपुरी 49वां है।

### दिखाई जागरुकता : काम से फ्री होकर लगवाए टीके, दोपहर 3 बजे बाद सबसे ज्यादा 64% टीकाकरण

**पहला डोज**

| स्थान | टारगेट | दोप. 1 बजे | दोप. 3 बजे | शाम 6 बजे | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| पुराना कलेक्टोरेट | 150 | 21 | 19 | 14 | 54 |
| रेलवे | 100 | 14 | 30 | 4 | 48 |
| कुल | 250 | 35 | 49 | 18 | 102 |

**दूसरा डोज**

| स्थान | टारगेट | दोप. 1 बजे | दोप. 3 बजे | शाम 6 बजे | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| बाल चिकित्सालय | 120 | 7 | 23 | 34 | 64 |
| मेडिकल कॉलेज | 68 | 23 | 27 | 30 | 80 |
| कुल | 188 | 30 | 50 | 64 | 144 |

### रतलाम में अभी सबसे ज्यादा एक्टिव केस

| दिनांक | एक्टिव केस | प्रदेश में क्रम |
|---|---|---|
| 20 फरवरी | 71 | 4 |
| 1 फरवरी | 75 | 5 |
| 15 जनवरी | 137 | 7 |
| 1 जनवरी | 263 | 5 |
| 15 दिसंबर | 295 | 5 |
| 1 दिसंबर | 504 | 5 |
| 15 नवंबर | 263 | 5 |
| 1 नवंबर | 149 | 8 |

### अब तो संभल जाइए... जिले में 82 लोग तोड़ चुके हैं दम

जिले में कोरोना से अब तक 82 लोग दम तोड़ चुके है। मौत के मामले में हम प्रदेश के 52 जिलों में 9वें नंबर पर है, जोकि, चिंताजनक है। सिर्फ इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, सागर, खरगोन, उज्जैन, दमोह में हमारे शहर से ज्यादा मौत हुई है। ऐसी स्थिति के बाद भी लोग टीका लगवाने से कतरा रहे हैं जो चिंता की बात है।

### कल तक सुधर जाएगी रतलाम की रैंकिंग

*रतलाम में 73 प्रतिशत तक टीकाकरण हो गया है। हालांकि, डाटा पोर्टल पर अपलोड नहीं हो पा रहा था। सूची जारी होने के बाद रैंकिंग में दो से तीन क्रम का फर्क पड़ेगा। लोगों को ज्यादा से ज्यादा वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित कर रहे है। अपील है कि वैक्सीन लगवाने में चूक ना करें।*

**वर्षा कुरील,**
जिला टीकाकरण अधिकारी

### इधर, नगर निगम की धमकी, टीका नहीं लगवाया तो काम पर नहीं लेंगे

सोमवार को ऐसे कर्मचारियों को भी टीके लगे जो अब तक वैक्सीनेशन से छूट गए थे। नगर निगम के 400 कर्मचारियों को टीके लगने थे, ऐसे में एक दिन पहले अधिकारियों ने चेतावनी दे दी कि जो टीका नहीं लगवाएगा, उसे काम पर नहीं लेंगे। बर्खास्त करने के प्रस्ताव भी मंगवा लिए, असर ये हुआ कि सोमवार को बड़ी संख्या में निगम के कर्मचारी टीका लगवाने के लिए पहुंच गए। 70 प्रतिशत से ज्यादा टीकाकरण हो गया। भास्कर

# स्वास्थ्यकर्मियों को दूसरा डोज शुरू

## कोविड टीकाकरण : सीएमएचओ, सिविल सर्जन ने लगवाया टीका

रतलाम(नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में सोमवार को कोविड-19 टीकाकरण की दूसरी खुराक इंजेक्शन के रूप में दी जाना शुरू कर दी गई है। सीएमएचओ डा. प्रभाकर ननावरे, डीपीएम डा. अजहर अली, सिविल सर्जन डा. आनंद चंदेलकर, जिला मलेरिया अधिकारी डा. प्रमोद प्रजापति, लेखापाल नवीन नागर सहित कुल 144 अधिकारी, कर्मचारियों को बाल चिकित्सालय और मेडिकल कालेज में दूसरा टीका लगाया गया।

शहर के पुराना कलेक्टरेट और रेलवे हास्पिटल में नए फ्रंटलाइन वर्कर को



कोरोना का टीका लगवाते हुए सिविल सर्जन डा. आनंद चंदेलकर। • नईदुनिया

पहला टीका लगाया गया। पहला टीका लगवाने वाले कर्मचारियों की संख्या 102 रही। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. ननावरे ने टीकाकरण के बाद भी नियमित रूप से मास्क लगाने अपने हाथ धोने और 2 गज की दूरी का पालन करने की सलाह दी है।

### जनपदों के 81 प्रतिशत कर्मचारियों को पहला टीका लगा

कलेक्टर गोपालचंद्र डाड की अध्यक्षता में हुई जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक में बताया गया कि जनपद पंचायतों के 81 प्रतिशत कर्मचारियों का टीकाकरण किया जा चुका है। जिले में कहीं भी कोरोना टीके का प्रतिकूल प्रभाव सामने नहीं आया है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि राजस्व विभाग के जो भी कर्मी टीकाकरण से छूटे हुए हैं, उनको वैक्सीनेशन सेंटर पर लाया जाकर टीका लगवाया जाए। आलोट क्षेत्र की जानकारी में बताया गया कि अधिकांश राजस्वकर्मियों द्वारा टीका लगवा लिया गया है। कोटवारों का टीकाकरण बाकी है। रतलाम शहर तथा रतलाम ग्रामीण क्षेत्र के 251 राजस्वकर्मियों को टीका नहीं लगा है। जावरा में भी नगरपालिका तथा राजस्व विभाग के कुछ कर्मियों का टीकाकरण नहीं हुआ है। बाजना क्षेत्र में भी टीकाकरण का लक्ष्य पूरा नहीं हुआ है। नईदुनिया

## कलेक्टर ने टीएल बैठक में स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर दिए निर्देश

# अब कचरा दुकान के बाहर फेंका तो होगी दुकान बंद



रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क

रतलाम शहर को अव्वल स्थान दिलाने के लिए तैयारियां जोर-शोर से जारी है। इसे लेकर एक बैठक कलेक्टेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने स्व%छ सर्वेक्षण की तैयारियों की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश निर्देश दिए। बैठक में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, परियोजना अधिकारी शहरी विकास निशिकांत शुक्ला, सिटी इंजीनियर जी.के.जायसवाल, सुरेशचंद्र व्यास, उपायुक्त विकास सोलंकी, उपयंत्री अनवर कुरेशी, राजेश कुमावत, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी.सिंह तथा निगम के अन्य अधिकारी इंजीनियर उपस्थित थे।

बैठक में बताया गया कि स्व%छ सर्वेक्षण में रतलाम को अग्रणी स्थान मिले, इसका निर्णय सिटीजन फीडबैक करेगा। इसलिए नागरिकों से अपील की गई है कि रतलाम शहर को स्व%छ और सुंदर बनाने में हरसंभव सहयोग करें। कलेक्टर ने सफाई कार्य की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जो भी दुकानदार अपना कचरा बाहर फेंकते हैं वे दुकाने दंड के रूप में बंद की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि रतलाम को अग्रणी स्थान लगाने के लिए जी-जान से कार्य करें।

कलेक्टर द्वारा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण करने वाले वाहनों की समीक्षा की गई। बताया गया कि अभी लगभग 51 वाहन कचरा संग्रहण का कार्य डोर-टू-डोर जाकर कर रहे हैं। पाया गया है कि प्रत्येक मोहल्ले में वाहन नहीं जा पा रहे हैं लगभग 10 प्रतिशत कचरा बाहर फेंका जा रहा है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि वाहनों की संख्या कम होने पर वाहनों के वार्डवार फेरे बढ़ाये जाएं।

## स्वच्छ भारत अभियान को पलीता लगाते जिम्मेदार

रतलाम। नगर निगम की स्वच्छता सर्वेक्षण -2021 के तहत शहर को कचरामुक्त किया जा रहा है, लेकिन ये कार्य सिर्फ कुछ स्थानों पर किया जा रहा है। शहर के ऊकाला रोड मुख्य मार्ग दो प्रमुख मंदिर आते है। जिसके आसपास रोजाना ढेर सारा कचरा डाल दिया जाता है। एक तरह से यह ट्रेंचिंग ग्राउण्ड बना हुआ है। इस मुख्य मार्ग की सफाई भी नही होती है। जिससे आसपास के रहवासियो और राहगीरो को बदबू का सामना करना पड रहा है। नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियो को भी इस बारे में पता और एक बार यहा से कचरा हटा दिया गया था, लेकिन अनदेखी के कारण वापस यहां कचरे का ढेर लग रहा है।

